समग्र शिक्षा केरल



# ANNUAL EVALUATION 2021-22
## वार्षिक मूल्यांकन
# हिंदी

कक्षा- 6 समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश :

- पंद्रह मिनिट का *कूल ऑफ टाइम* प्रश्न-पत्र वाचन के लिए है।
- गतिविधि 1 और 2 में से किसी एक का उत्तर लिखें।
- 3 से 9 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

### गतिविधि 1

**सूचना : खंड़ के अनुसार प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

नीम उपयोगी पेड़ है। इसके फूल और पत्ते दवा के काम आते हैं। इसकी छाया शीतल होती है। नीम के बीज से तेल निकालते हैं।

(नीम-വേപ്പ്, दवा-മരുന്ന്)

क) नीम के पेड़ की छाया कैसी होती है?

अ) गरम आ) शीतल इ) बर्फीली ई) सुनहली

ख) नीम के फूल और पत्ते किसके काम आते हैं?

अ) दवा के आ) कलम के इ) कागज़ के ई) जूते क

ग) नीम के बीज से क्या निकालते हैं?

अ) पानी आ) शहद इ) तेल ई) शरबत

घ) 'वृक्ष' के लिए प्रयुक्त शब्द कौन-सा है?

अ) तेल आ) पेड़ इ) बीज ई) फूल

ङ) यहाँ नीम की कौन-सी विशेषता बताई गई है?

अ) उपयोगी

आ) छायाहीन

इ) हानिकारक

ई) अनुपयोगी

## गतिविधि 2

**सूचना: खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

हाथी जंगल का सबसे बड़ा जानवर है। इसके कान बड़े होते हैं। सूँड़ की सहायता से हाथी भोजन करता है। हाथी शाकाहारी होता है। (सूँड़-തുമ്പിക്കൈ, शाकाहारी-സസ്യഭുക്ക്)

क) जंगल का सबसे बड़ा जानवर कौन है?

अ) हाथी　　आ) शेर
इ) लोमड़ी　　ई) हिरण

ख) हाथी के कान कैसे होते हैं?

अ) लंबे　　आ) बड़े
इ) छोटे　　ई) नन्हे

ग) हाथी किस अंग की सहायता से भोजन करता है?

अ) सूँड़　　आ) पैर
इ) कान　　ई) आँख

घ) सही प्रस्ताव कौन-सा है?

अ) हाथी मांसाहारी होता है।　　आ) हाथी शाकाहारी होता है।
इ) हाथी सर्वाहारी होता है।　　ई) हाथी कुछ नहीं खाता है।

ङ) यह खंड किसके बारे में है?

अ) शेर　　आ) बाघ
इ) चीता　　ई) हाथी

## गतिविधि 3

**सूचना: कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

रंग-रंग के रूप हमारे
अलग-अलग हैं क्यारी-क्यारी
लेकिन हम सबसे मिलकर ही
इस उपवन की शोभा सारी
एक हमारा माली, हम सब
रहते नीचे एक गगन के
हम सब सुमन एक उपवन के।

## गतिविधि 3

**सूचना: कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

देश हमारा, देश हमारा
चमके जैसे जगमग तारा।
देश हमारा, देश हमारा
सत्य अहिंसा का रखवारा।
देश हमारा, देश हमारा
बलिदानों ने उसे संवारा।

क) यहाँ 'नक्षत्र' के लिए प्रयुक्त शब्द कौन-सा है?

अ) देश
आ) तारा
इ) रखवारा
ई) संवारा

ख) 'बलिदानों ने हमारे देश को संवारा है।' यह आशयवाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें।

ग) **दो सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें।

क) हमारा देश तारे के समान चमकता है।
ख) हमारे देश में बलिदानों का कोई महत्व नहीं है।
ग) हमारा देश सत्य और अहिंसा का रक्षक है।

## गतिविधि 4

**सूचना : 'इंसानियत की मिसाल' पाठभाग का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

लखनऊ के राजीव शर्मा और राजस्थान के पारीख को घर जाने की बारी कई दिन पहले आ गई थी। लेकिन इन्होंने जाने से मना कर दिया। औरों की तकलीफ़ देखकर इन्होंने अपना मौका दूसरे ज़रूरतमंदों को दे दिया।

क) राजीव शर्मा का घर कहाँ है?

अ) राजस्थान
आ) मुंबई
इ) लखनऊ
ई) केरल

ख) बिंदुओं की सहायता से पारीख की **डायरी** लिखें।

- बद्रीनाथ में प्रलय
- लोगों की प्रशंसा का पात्र
- घर जाने का अवसर मिलने पर भी नहीं जाना
- अनेक लोगों की सहायता करना

## गतिविधि 5

**सूचनाः 'दो भाई' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> रात को दोनों को फसल की रखवाली के लिए खलिहान पर ही रुकना था। दोनों को भूख भी लगी थी। उन्होंने बारी-बारी से खाने का सोचा। पहले बड़ा भाई खाना खाने घर गया।

क) फसल की रखवाली के लिए दोनों भाइयों को कहाँ पर रुकना था?

अ) मैदान पर आ) घर पर

इ) खलिहान पर ई) सड़क पर

ख) तालिका की सहायता से वार्तालाप की पूर्ति करें।

बड़ा भाई : बहुत भूख लग रही है।

छोटा भाई : ........................

बड़ा भाई : ........................

छोटा भाई : ........................

बड़ा भाई : ........................


- तुम खाना खाने जाओ
- हाँ,मुझे भी
- ठीक है
- आप पहले जाइए

## गतिविधि 6


**सूचनाः वर्ग पहेली बुझाएँ।**


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | 4 |
| ▒ | | 3 | |
| ▒ | | ▒ | |
| 2 | | | ▒ |





पेड़
टमाटर
लड़का
कटहल
सूरज











## गतिविधि 7


सूचना : चित्र के अनुसार वाक्यों को क्रमबद्ध करें।




- दोनों पानी ढूँढते हुए बिल्ली से मिले।
- बगुला बहुत प्यासा था।
- सबने मिलकर बादल को बचाया।
- बगुला बंदर से मिला।
- बादल वहाँ बूढ़े बबूल में फँसा था।

## गतिविधि 8

**सूचना : डायरी पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

14 सितंबर
आज का दिन मैं भूल नहीं सकता। आज स्कूल में हिंदी मंच के नेतृत्व में 'हिंदी दिवस' मनाया गया। सुबह दस बजे प्रधानाध्यापक ने समारोह का उद्घाटन किया। मैंने कविता, भाषण आदि प्रतियोगिता में भाग लिया।

क) 'हिंदी दिवस समारोह' का उद्घाटन किसने किया?

| | |
|---|---|
| अ) पंचायत अध्यक्ष | आ) प्रधानाध्यापक |
| इ) कक्षाध्यापक | ई) मंत्री |

ख) 'हिंदी दिवस' समारोह का **पोस्टर** तैयार करें।

## गतिविधि 9

**सूचनाः 'हिंदुस्तान हमारा' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

घने पेड़ों से सजे पर्वत, खिल-खिलाकर बहती नदियाँ, काली घटा से अपने बालों को खोलकर झूमती बारिश, हरा घाघरा पहनकर नाचते लह-लहाते खेत सब भारत की अपनी विशेषताएँ हैं।

क) लेख में किस देश की विशेषताएँ बताई गई हैं?

ख) सही मिलान करें।

| क | ख |
|---|---|
| खेत | खिल-खिलाकर बहती हैं |
| पर्वत | बालों को खोलकर झूमती है |
| बारिश | हरा घाघरा पहनकर नाचते हैं |
| नदियाँ | घने पेड़ों से सजे हैं |